कार्यालय प्राचार्य, शासकीय मुकुटधर पाण्डे महाविद्यालय, कटघोरा, जिला कोरबा (छ.ग.)

Email-mdpcollegektg@gmail.com Website – www.gomdp.ac.in

NAAC Accredited, CGPA-1.96, “C”

7.1.9

“Student Orientation”

रायपुर, मंगलवार 26 सितंबर 2023
कुल पृष्ठ - 08 मूल्य 1 रु.
वर्ष - 02
अंक - 249
Epaper : www.loksadan.com
Email : loksadan@gmail.com

लोक सदन

रायपुर एवं कोरबा से एक साथ प्रकाशित

आर.एन.आई.रजि. क्र.
(CHHHIN/2010/33639) Korba

संपादकीय
7747920885
8770646952

कॉलेज का पहला साल निर्णायक होता है - मदनमोहन

कटघोरा, 25 सितम्बर 2023
@ loksadan.com

कॉलेज का पहला साल निर्णायक होता है। कॉलेज का वातावरण स्कूल से अलग होता है। जहाँ संस्था द्वारा स्थापित अनुशासन से स्वानुशासन का पालन ज्यादा महत्वपूर्ण होता है। सही संगति का चयन भविष्य की दिशा और दशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यदि शिक्षक द्वारा बताई गई बातों को ध्यान से सुनकर, समयबद्ध नियोजित तरीके से अध्ययन किया जाए तो सफलता निश्चित रूप से मिलती है, वरना कक्षा से बाहर घूमने फिरने में समय बिता देने वालों का प्रथम वर्ष ही अंतिम वर्ष बन जाता है और वे परीक्षा में अनुत्तीर्ण होकर हमेशा के लिए उच्चशिक्षा से वंचित हो जाते हैं।

उक्त उद्गार डॉ मदनमोहन जोशी प्राचार्य शासकीय मुकुटधर पांडेय महाविद्यालय कटघोरा ने स्नातक प्रथम वर्ष के छात्रों से इंडक्शन प्रोग्राम में व्यक्त किया। उन्होंने आगे कहा कि माता–पिता के बड़े सपने होते हैं, कि जो अभावग्रस्त जीवन और कठिनाइयां उन्होंने अपने जीवन में देखा है, वे परेशानियां उनके बच्चों को झेलना न पड़े। अतः विद्यार्थी मन लगाकर शिक्षकों के मार्गदर्शन का पालन करते हुए अपनी पढ़ाई को पूरा करें, तो निश्चित रूप से सफलता मिलेगी। महाविद्यालय में संचालित समस्त शैक्षणिक और शैक्षणेत्तर गतिविधियां जैसे राष्ट्रीय सेवा योजना, रेडक्रॉस, खेलकूद, ग्रंथालय एक्टिविटी, स्वीप कार्यक्रम, विभिन्न क्लब गतिविधियां संचालित की जा रही है। वे सभी गतिविधियां छात्रों के व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास करती हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में समस्त प्राध्यापकों, रासेयो स्वयंसेवको का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

प्राचार्य
शा. मुकुटधर पांडेय महाविद्यालय
कटघोरा (छ. ग.)